## संक्षिप्त

### आधुनिक लेजर ट्रीटमेंट की सुविधा

**उदयपुर, (कासं)।** गीतांजली मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के डर्मेटोलॉजी विभाग में त्वचा और सौंदर्य से जुड़ी समस्याओं के उपचार के लिए आधुनिक लेजर तकनीक की सुविधा शुरू की गई है। इसी संबंध में जागरूकता फैलाने हेतु गीतांजली ऑडिटोरियम में विशेष कार्यक्रम में 200 से अधिक लोगों ने भाग लिया।कार्यक्रम को डॉ. कल्पना, वरिष्ठ त्वचा एवं सौंदर्य रोग विशेषज्ञ एवं विभागाध्यक्ष ने संबोधित किया। उन्होंने बताया कि आधुनिक लेजर तकनीक से अब कई त्वचा संबंधी समस्याओं का सुरक्षित, प्रभावी और किफायती उपचार संभव है। –डॉ. कल्पना, विभागाध्यक्ष, डर्मेटोलॉजी ने बताया कि लेजर ट्रीटमेंट केवल ब्यूटी बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह त्वचा को स्वस्थ, साफ और आत्मविश्वास से भरपूर बनाने में भी अहम भूमिका निभाता है। हमारा प्रयास है कि पुरुषों और महिलाओं दोनों को विश्वस्तरीय, सुरक्षित और किफायती उपचार उपलब्ध कराया जाए। डॉ. कल्पना ने बताया कि लेजर तकनीक त्वचा की गहराई तक जाकर काम करती है।

### नर्सेज दिवस मनाया

**कपासन, (निसं)।** अंतरराष्ट्रीय नर्सेज दिवस मनाया गया। कपासन ब्लॉक के समस्त नर्सेज ने उपजिला अस्पताल में समारोह का आयोजन किया।कार्यक्रम की शुरुआत प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार यादव के मुख्य आतिथ्य में हुई। वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी भूरा लाल कुमावत, बलदेव सोमानी और अशोक त्रिपाठी ने फ्लोरेंस नाइटिंगेल की तस्वीर पर माल्यार्पण किया और दीप प्रज्ज्वलित किया।आरएनए के ब्लॉक अध्यक्ष जयंत जोशी ने कहा कि सभी नर्सेज सेवा भाव से मरीजों की परिचर्या करें और उन्हें यह महसूस कराएं कि वे उनकी सेवा के लिए ही उपस्थित हैं।

### गुस्साए लोगों ने किया हंगामा

**उदयपुर,(कासं)** उदयपुर के सवीना थाना क्षेत्र में सोमवारदेर रात डेढ़ से 2 घंटे लाइट नहीं आने से गुस्साए लोगों ने जमकर हंगामा किया। लोगों ने सवीना पावर हाउस पहुंचकर एईएन और जेईएन को कॉल किया लेकिन उन्होंने कॉल अटेंड नहीं किया। इससे स्थानीय लोगों का गुस्सा और फूट पड़ा। लोगों ने रात को जमकर नारेबाजी की और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। हंगामा बढ़ता देख सवीना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और समझाइश का प्रयास किया।जानकारी के अनुसार सवीना पावर हाउस के अंतर्गत आने वाले आरके पुरम,गोकुल विलेज,तीतरड़ी,सवीना सहित कई कॉलोनियां में सोमवार रात बिजली गुल होने की शिकायत आ रही थी। भीषण गर्मी से लोग परेशान हो गए थे। गर्मी से बेहाल लोगों ने बिजली चालू करने के लिए एईएन.जेईएन से सम्पर्क करना चाहा लेकिन उन्होंने कोई जवाबनहीं दिया।जवाब नहीं मिलने पर परेशान लोगों ने पावर हाउस पहुंचकर करीब 1 घंटे तक जमकर हंगामा किया।

### अंग्रेजी शराब व कार जब्त, दो धरे

**बांसवाड़ा, (निसं)।** सज्जनगढ़ थाना पुलिस ने ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत 390 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब से भरी कार जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस महानिरीक्षक उदयपुर रेंज के आदेशानुसार रेंज स्तरीय अवैध मादक पदार्थ की तस्करी पर रोकथाम के लिये चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत कार चालक व सहयोगी को गिरफ्तार किया।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**डूंगरपुर, (निसं)।** जिले में सरकण पेट्रोल पंप के पास दो मोटरसाइकिलों की भीषण टक्कर हो गई। इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# 'सामाजिक, आर्थिक उन्नयन का श्रेष्ठ माध्यम व सेवा को समर्पित संकल्प है सहकारिता'

■ भाजपा राजस्थान सहकारिता प्रकोष्ठ की प्रांतीय सहकारिता मंथन बैठक आयोजित

**उदयपुर, (कासं)।** सामाजिक, आर्थिक उन्नयन का श्रेष्ठ माध्यम से सेवा को समर्पित संकल्प है सहकारिता उपरोक्त कथन के साथ भाजपा राजस्थान सहकारिता प्रकोष्ठ की प्रांतीय सहकारिता मंथन बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सांसद मदन राठौड़ ने संबोधन में कहा कि अंत्योदय का श्रेष्ठ मार्ग सहकारिता है जो स्वस्पर्शी, सर्वव्यापी एवं सर्वग्राही नेतृत्व के साथ स्वाभिमान स्वदेश स्वावलंबन से ओत प्रोत है जिसके प्रयास ओर विकास से आत्मनिर्भर भारत में नवसंचार एवं नवऊर्जा का संचारन होने से रोजगारोन्मुखी एवं विकासोन्मुखी की प्रबल एवं अपार संभावनाएं अग्रसर हो रही है।

राठौड़ ने कहा कि सहकारिता को हमने सत्ता संगठन के सेतु से अपराध मुक्त करते हुए पूर्ण ईमानदारी एवं सुचिता के साथ लक्ष्य एकात्म मानववाद एवं दृष्टि अंत्योदय को पूर्ण किया है।

समारोह सत्र के अतिथि सहकारिता मंत्री गौतम दक ने मंथन बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि सहकारिता के माध्यम से देश एवं राज्य की प्रगति में पहला पृथक सहकारिता मंत्रालय का गठन एवं केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह का प्रथम सहकारिता मंत्री तथा आनंद में प्रथम सहकारिता विश्व विद्यालय की स्थापना नवाचार के नवीन सहकारी समितियों के निर्माण से लेकर ग्राम सेवा सहकारी समितियों को लेकर सशक्तिकरण एवं बीज, ऑर्गेनिक, निर्यात क्षेत्र में नव सहकारी समितियों का अखिल भारतीय स्तर तक गठन से नई क्रांति से आम जन का सहकारिता में पुनः विश्वास एवं आस्था कायम हुई है, दक ने कहा कि डबल इंजन की सरकारों ने सहकारिता क्षेत्र की महत्ता को प्राथमिकता देकर आम जन की समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता से हो रहा है, दक ने कहा कि सहकारिता के क्षेत्र में पहली बार खुली सदस्यता सहित अनेक कार्यक्रम जिसमें दिल्ली में लगातार सहकारिता के शिक्षण-प्रशिक्षण से नव सहकारी नेतृत्व को प्राथमिकता दी जा रही है। दक ने कहा कि सहकारिता संपूर्ण क्षेत्र के आम जन में विश्वास, विकास से प्रगति की ओर अग्रसर हो रहा है। दक ने अनेक योजनाओं की सफल कहानियों का ज़िक्र करते हुए कहा कि सहकारिता में नवीन तकनीकी एवं नवाचार से राज्य में सहकारिता आज महत्वपूर्ण एवं अग्रणी स्थान रखता है।

भाजपा बलीचा कार्यालय में आयोजित भाजपा सहकार मंथन बैठक के प्रारंभ में भारत माता, डॉ. मुखर्जी, पं. उपाध्याय एवं भंडारी जी के चित्र को माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर अतिथियों के स्वागत के पश्चात मेवाड़ी पगड़ी पहना कर महाराणा प्रताप का स्मृति चिन्ह भेंट किया गया प्रदेश संयोजक प्रमोद सामर ने आगामी कार्यक्रमों की घोषणा की

स्वागत भाषण शहर जिला अध्यक्ष गजपाल सिंह राठौर धन्यवाद देहात जिला अध्यक्ष पुष्कर तेली ने दिया संयोजन प्रदेश सह-संयोजक चेतन चौधरी ने कियाएवं समापन सत्र का संयोजन कमलेश पुरोहित ने किया। मंथन बैठक में सांसद मन्ना लाल रावत, विधायक फूल सिंह मीणा, जिला प्रभारी हरीश पाटीदार, जिला अध्यक्ष सर्व श्री महावीर सिंह कृष्णावत प्रतापगढ़, अशोक पटेल डूंगरपुर, पूंजीलाल गायरी बांसवाड़ा, रतन लाल गायरी चित्तौड़गढ़, आदि उपस्थित थे।


प्रारूप-10 ( नियम-6( 7 ) देखिए )

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगरपरिषद राजसमन्द**

सं. 40-41 | दिनांक: 12.05.2026

**लोक सूचना**

श्री अर्जुनलाल पिता श्री गुलाबचन्द सालवी निवासी संग्रामपुरा, विजयपुरा तहसील देवगढ़ जिला राजसमन्द, इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात्–

| क्र. सं. | तहसील का नाम जिले सहित | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1. | राजसमन्द | एमड़ी | 76 | रकबा 0.3076 हैक्टेयर |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 12.05.2026 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त ,नगरपरिषद,राजसमन्द



**कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)**

क्रमांक : F-7 ( )B.Plan/Misc/2025-26/868 | दिनांकः- 8/5/2026

**आम - सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य सरकार के द्वारा दिनांक 14-10-2024 को विकास प्रोत्साहन एवं नियंत्रण उपविधियां (Development Promotion & Control Regulations) हेतु जारी अधिसूचना एवं इसकी निरन्तरता मे समय-समय पर जारी आदेशों/ परिपत्रों/अधिसूचनाओं आदि की अनुपालना में निम्नलिखित प्रकरण भू-उपयोग परिवर्तन बाबत् विचाराधीन हैः-

| क्र. सं | आवेदक का नाम | राजस्व ग्राम/ योजना | खसरा संख्या/ ब्लॉक संख्या | भूखण्ड संख्या | क्षेत्रफल | भूखण्ड / भूमि की स्थिति | भू-उपयोग परिवर्तन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री निरज पुर्बिया पिता श्री प्रेमचन्द पूर्बिया | भुवाणा | 2005 एवं 2006 | 13 | 3492.00 वर्गफीट | आर. के. चौराहे से भुवाणा चौराहे को जाने वाली 150 फीट सडक पर ब्रान्डकार्ट स्टोर के समीप स्थित है। | आवासीय उपयोग से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ |

उक्त प्रकरण के भू-उपयोग परिवर्तन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्राधिकरण कार्यालय में इस सूचना जारी होने की तिथि से 15 दिवस में किसी भी कार्य दिवस में निम्नहस्ताक्षरकर्त्ता को प्रस्तुत कर सकते है। इस समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नही होने पर भू-उपयोग परिवर्तन बाबत अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

सचिव
उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर


## प्रदेश में 2 लाख 80 हजार 533 लीटर वॉश नष्ट

**उदयपुर, (कासं)।** आबकारी आयुक्त नमित मेहता के निर्देशानुसार प्रदेश में अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय पर रोकथाम के लिए जारी विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत नाकाबंदी, गश्त, रेड की प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। प्रदेश के विभिन्न जिलों में अवैध मदिरा जब्त करते हुए वॉश नंष्ट कर अभियोग दर्ज किए गए।

आबकारी आयुक्त नमित मेहता के निर्देशन में प्रदेश में विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत 1 से 11 मई 2026 तक विभिन्न कार्रवाई के तहत 1044 अभियोग दर्ज किए गए है। प्रदेश में देशी मदिरा 11 लाख 14 हजार 813 रूपए लागत की 4150 लीटर, भारत निर्मित विदेषी मदिरा 9 लाख 40 हजार 994 रूपए की 943 लीटर, बीयर 3 लाख 31 हजार 519 रूपए की 1476 लीटर एवं हथकड़ शराब 7021 लीटर जब्त की गई है। इसी क्रम में वॉश 2 लाख 80 हजार 533 लीटर नष्ट किया गया है। प्रदेश में अभियान के दौरान बडे वाहन 8, हल्के चार पहिया 2 एवं दुपहिया वाहन 32 सहित 42 वाहन जब्त करते हुए 380 व्यक्तियों का गिरफ्तार किया गया है।

आबकारी आयुक्त नमित मेहता के निर्देशन में विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत जीरो टोलरेंस की नीति अपनाते हुए अन्य राज्य की शराब की तस्करी, अवैध मदिरा के परिवहन व विक्रय पर आबकारी निरोधक टीमों द्वारा प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। जिला हनुमानगढ़ में नोहर, संगरिया एवं हनुमानगढ़ में आबकारी निरोधक दल की दबिश कार्रवाई में 5100 लीटर वॉश एवं 7 कच्ची भट्टियां नष्ट की गई साथ ही 4 मोटरसाईकल, 85 देशी शराब के पव्वे, 35 लीटर हथकड़ शराब भी जब्त की गई। चित्तोड़गढ में नीमच हाईवे पर ईपीएफ टीम निम्बाहेड़ा द्वारा नाकाबंदी कर वाहनों की सघन जांच की गई। चित्तोड़गढ – कोटा हाईवे पर भी नाकाबंदी की वाहनों की जांच की गई। श्रीकरणपुर में साबू की मोर एवं समीपस्थ गांवों में दबिश की कार्रवाई के तहत 150 लीटर वॉश नष्ट करते हुए मौके से एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। नागौर में ईपीएफ टीम की कार्रवाई में 200 लीटर वॉश मौके पर नष्ट करते हुए 4 लीटर अवैध हथकड़ शराब बरामद की गई। जोधपुर में लूनी, सरदारपुरा मुख्यालय, जोधपुर शहर, फलौदी में कार्रवाई के तहत 9 फरार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

## त्याग, तपस्या व समर्पण का प्रतीक है नर्सिंग पेशा : प्रो. सारंगदेवोत

■ कैंडल जलाकर मानव सेवा की ली शपथ, नुक्कड़ नाटक से दिया बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का संदेश

**उदयपुर, (कासं)।** अंतरराष्ट्रीय नर्सेज दिवस के अवसर पर राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय के संघटक नर्सिंग विभाग द्वारा मंगलवार को हमारे नर्स, हमारा भविष्य: सशक्त नर्स जीवन बचाते हैं थीम पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नर्सिंग विद्यार्थियों ने कैंडल जलाकर मानव सेवा, करुणा और बिना किसी भेदभाव के मरीजों की सेवा करने की शपथ ली। साथ ही नुक्कड नाटक के माध्यम से बेटी बचाओदूबेटी पढ़ाओ का सामाजिक संदेश देकर उपस्थितजनों को जागरूक किया।

समारोह का शुभारंभ कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत, कुलाधिपति भंवर लाल गुर्जर, प्राचार्य डॉ. मोहसिन छीपा, मुकेश चौधरी ने आधुनिक नर्सिंग सेवा की जनक फ्लोरेंस नाइटिंगेल के चित्र पर माल्यार्पण एवं मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई, जिसके बाद विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। परिसर में विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई रंगोली एवं स्वास्थ्य जागरूकता आधारित मॉडल प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र रही।

प्राचार्य डॉ. मोहसिन छीपा ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि नर्सिंग केवल एक रोजगार नहीं बल्कि मानवता की सेवा का सबसे बड़ा माध्यम है। उन्होंने बताया कि विभाग की ओर से विद्यार्थियों में सेवा भावना, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी विकसित करने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने अपने संबोधन में अंतरराष्ट्रीय नर्सेज दिवस 2026 की थीम हमारे नर्स, हमारा भविष्य: सशक्त नर्स जीवन बचाते हैं को वर्तमान स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए अत्यंत प्रासंगिक बताया। उन्होंने कहा कि यह थीम नर्सिंगकर्मियों की भूमिका को केवल मरीजों की देखभाल तक सीमित नहीं रखती, बल्कि उन्हें समाज की स्वास्थ्य सुरक्षा की सबसे मजबूत कड़ी के रूप में स्थापित करती है। उन्होंने कहा कि एक सशक्त, प्रशिक्षित और संवेदनशील नर्स ही स्वस्थ समाज की आधारशिला होती है। नर्सिंग त्याग, तपस्या और समर्पण का पेशा है, जहां सेवा ही सबसे बड़ा धर्म माना जाता है।

प्रो. सारंगदेवोत ने कहा कि मरीज का आधा उपचार नर्सिंगकर्मी के व्यवहार, आत्मीयता और सकारात्मक संवाद से ही हो जाता है। रोगी डॉक्टर से अधिक समय नर्सिंगकर्मियों के साथ बिताता है, इसलिए उसके मनोबल को मजबूत करने में उनकी भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि नर्सिंग पेशा कला और विज्ञान का अद्भुत संगम है, जिसमें एक ओर तकनीकी दक्षता आवश्यक है तो दूसरी ओर मानवीय संवेदनशीलता भी उतनी ही जरूरी है। केवल दवा से मरीज पूर्ण स्वस्थ नहीं हो सकता, उसके लिए सेवा, सहानुभूति और मानवीय स्पर्श भी आवश्यक है।।

कुलाधिपति भंवर लाल गुर्जर ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय नर्सेज दिवस नर्सिंगकर्मियों के सेवाभाव को नमन करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में जब संक्रमित व्यक्ति अपने परिवार से दूर था, तब नर्सिंगकर्मी ही उसका सबसे बड़ा सहारा बने।


**कार्यालय ग्राम पंचायत उपली सिगरी पंचायत समिति फलासिया जिला उदयपुर ( राज. )**

क्रमांकः स्वा. योजना/26-27/07 दिनांक 11.05.2026

**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

ग्राम पंचायत उपली सिगरी के समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि स्वामित्व योजना के अन्तर्गत भारतीय सर्वेक्षण विभाग से प्राप्त ग्राम राजस्व ग्राम पाटिया के सर्वे प्रपत्र एवं नक्शा 2.0 को आमजन के लिए प्रदर्शित किया जाकर आपत्तिया आमंत्रित की जाती है। साथ ही उक्त सर्वे तथा नक्शा ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रत्येक परिवार का विवरण मय भूमि नक्शा सहित सर्वे ग्रामजन हेतु अवलोकनार्थ भी उपलब्ध है। इस सर्वे प्रपत्र संख्या 2.0 में किसी भी प्रकार की कोई आपत्तियां/संशोधन हेतु आपत्तिया ग्राम पंचायत कार्यालय में आपत्ति पत्र जारी होने के 7 दिन में प्रस्तुत करें। आबादी भूमि की सीमा व नक्शे में ड्रोन सर्वे द्वारा प्रदर्शित प्रोपर्टीज की सीमा व नाम के संबंध में आपी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

प्रशासक
ग्राम पंचायत उपली सिगरी
पंचायत समिति फलासिया

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत उपली सिगरी
पंचायत समिति फलासिया


## 50 से अधिक कांग्रेसियों ने थामा भाजपा का दामन

**उदयपुर,(कासं)।** उदयपुर की गोगुंदा विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी से जुड़े 4 सरपंचों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा का दामन थाम लिया। इसमें गोगुंदा और सायरा पंचायत समिति से आने वाले इन सभी का भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने पार्टी का दुपट्टा ओढ़ा कर स्वागत किया। कुल 51 लोग कांग्रेस छोड़ भाजपामें शामिल हुए हैं।

उदयपुर की गोगुंदा विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी से जुड़े 4 सरपंचों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा का दामन थाम लिया। इसमें गोगुंदा और सायरा पंचायत समिति से आने वाले इन सभी का भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने पार्टी का दुपट्टा ओढ़ा कर स्वागत किया। कुल 51 लोग कांग्रेस छोड़ बीजेपी में शामिल हुए हैं।

भाजपा की चौपाल ग्राम रथ योजना के तहत प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ गोगुंदा पहुंचे। रावलिया कला स्थित ऋषि राय धाम में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा देहात जिलाध्यक्ष पुष्कर तेली के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजीए ढोल.नगाड़ों और जेसीबी से पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया।

भाजपा देहात अध्यक्ष पुष्कर तेली ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के कई कांग्रेस समर्थित सरपंचों एवं ग्रामीणों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इनमें सायरा सरपंच संघ अध्यक्ष वालाराम गमेती, सायरा सरपंच सुरमा राम गरासिया,करदा सरपंच टमु बाई और सीमांद सरपंच और वार्ड पंच वना राम गमेती शामिल हैं। इसके अलावा सिंघाड़ा के फूलाराम,सेमड़ के वनाराम तथा सामल के प्रकाश गमेती सहित सायरा और गोगुंदा क्षेत्र के कुल 51 लोगों ने भाजपा का दामन थामा। प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने सभी को पार्टी का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में जनजाति मंत्री बाबूलाल खराड़ी,उदयपुर सांसद डा.मन्नालाल रावत,गोगुंदा विधायक प्रताप लाल गमेती,प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संभाग प्रभारी नाहर सिंह जोधा,पूर्व विधायक रणधीर सिंह भींडर तथा प्रदेश मंत्री मोतीलाल मीणा सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## नीट यूजी 2026 परीक्षा रद्द

**उदयपुर, (कासं)।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने 3 मई 2026 को आयोजित हुई देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी परीक्षा को रद्द कर दिया है। एजेंसी ने कहा कि जांच एजेंसियों से प्राप्त रिपोर्ट और परीक्षा प्रक्रिया से जुड़े गंभीर इनपुट के बाद परीक्षा की निष्पक्षता और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए यह कदम उठाना जरूरी हो गया था।एजुकेशन काउंसलर विकास छाजेड़ ने बताया की एनटीए द्वारा अब नीट यूजी 2026 परीक्षा दोबारा आयोजित की जाएगी। नई परीक्षा तिथि, एडमिट कार्ड जारी करने का शेड्यूल व जानकारी जल्द ही अधिकृत माध्यमों से जारी की जाएगी।


राजस्थान सरकार

**माणिक्यलाल वर्मा, आदिम जाति शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान, उदयपुर**

अशोक नगर, उदयपुर ( राज. )

क्रमांकः एफ-( ) टीआरआई/म्यूजियम/2026-27 | दिनांकः 12/05/2026

**निविदा सूचना**

संस्थान में चिन्हित आर्टिफेक्ट्स को संस्थान स्तर पर संग्रहालय में डिस्पले करने के लिए फर्नीचर इत्यादि कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. सं. | निविदा सं. | UBN No | NIB No | अनुमानित लागत | प्रारंभ तिथि | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 02/2026-27 | TAD2627WSOB00005 | TAD2627A0006 | 8,53,000 रू | 12.05.2026 | 20.05.2026 AT 01:00 PM |

उक्त निविदा www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखी व डाउनलोड की जा सकती है।

( ओ.पी. जैन )RAS
निदेशक


### मशीन का शुभारंभ

**उदयपुर, (कासं)।** दक्षिण राजस्थान में स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा देते हुए पिम्स सिटी हॉस्पिटल में पहली एवं एकमात्र अत्याधुनिक मशीन का शुभारंभ किया गया। यह मशीन 0.1 एमएम की सटीकता के साथ जांच करने में कारगर है, जिससे कैंसर सहित कई गंभीर बीमारियों का प्रारंभिक एवं अत्यंत सटीक निदान संभव हो सकेगा। इस अत्याधुनिक मशीन का उद्घाटन लीला देवी अग्रवाल, चेयरमैन आशीष अग्रवाल, चेयरपर्सन शीतल अग्रवाल एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी नमन अग्रवाल द्वारा किया गया। इस दौरान अनुभवी कैंसर विशेषज्ञों की टीम भी उपस्थित रही, जिनमें डॉ. कुरैश भंभोरा, डॉ. सुमित अठावाल, ममता लोढा एवं वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. जे.के. छापरवाल मौजूद रहे।अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि यह अत्याधुनिक तकनीक मरीजों के बडे महानगरों में जाने की आवश्यकता को काफी हद तक कम करेगी तथा उदयपुर एवं दक्षिण राजस्थान के मरीजों को अब विश्वस्तरीय जांच सुविधा अपने शहर में ही उपलब्ध हो सकेगी।

## उदयपुर के एमबी हॉस्पिटल में परिजनों का हंगामा

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर के एमबी हॉस्पिटल में कार की टक्कर से व्यक्ति की मौत मामले में ग्रामीणों के साथ परिजनों ने जमकर हंगामा कर दिया। मंगलवार सुबह 10 बजे गुस्साए लोग मॉर्च्यूरी के बाहर धरने पर बैठ गए और शव लेने से इनकार कर दिया।

हालांकि दोपहर करीब 1.30 बजे गिर्वा एसडीएमअवुला साइकृष्ण धरना स्थल पहुंचे हैं। उन्होंने परिजनों से समझाइश का प्रयास किया और कानूनी कार्रवाई का आश्वासन दिया ।प्रदर्शनकारियों ने हादसे के जिम्मेदार कार ड्राइवर की जल्द गिरफ्तारी की मांग करते हुए पुलिस प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई। उनका आरोप है कि हादसे में तीन दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस कार ड्राइवर को पकड़ नहीं पाई

घटना सुखेर थाना क्षेत्र में सियालपुरा मेन रोड पर 10 मई को रात करीब 8 बजे की है।जब नंदलाल राव सियालपुरा मेन रोड से पैदल अपने गांव सियालपुरा में जा रहे थे। तभी सियालपुरा गांव की तरफ से एक काले रंग की स्कॉर्पियो कार तेज स्पीड में आई और लापरवाही पूर्वक नंदलाल को टक्कर मार दी।टक्कर इतनी तेज थी कि नंदलाल उछलकर दूर जा गिरे। हादसे में उनका पेट और सिर पर गंभीर चोट लगी थी। वहीं कार चालक टक्कर मारकर तुरंत फरार हो गया था। परिजनों ने इसकी रिपोर्ट सुखेर थाना पुलिस में दर्ज कराई। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।परिजनों का कहना है कि घटना के तीसरे दिन तक पुलिस ने टक्कर मारने वाले कार ड्राइवर पर कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की है। जब तक आरोपी गिरफ्तार नहीं होगा। तब तक शव नहीं उठाएंगे।


**कार्यालय पंचायत समिति मावली, जिला-उदयपुर ( राज. )**

क्रमांक पंसमा/लेखा/निविदा/2026-27 | दिनांक

**निविदा सूचना संख्या 1/2026-27**

**वार्षिक दर अनुबंध/निविदा सूचना वर्ष 2026-27**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पंचायत समितिम ावली के कार्यालय तथा इसमें संचालित विभिन्न योजनाओं, नरेगा, में वित्तीय वर्ष 2026-27 में निम्नांकित कार्य कराये जाने एवं सामग्री क्रय हेतु वार्षिक दर संविदा हेतु खुली निविदा सुचना के द्वारा मुहरबन्द निविदाएं पंचायत समिति मुख्यालय पर आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. सं. | कार्य का नाम/सामग्री | अनुमानित लागत रू. ( लाखों में ) | अमानत राशि/ अर्नेस्ट मनी | निविदा प्रपत्र शुल्क | निविदा प्रपत्र बेचने की अन्तिम तिथि व समय | निविदा प्रपत्र जमा कराने की अन्तिम तिथि व समय | निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कार्यालय उपयोग हेतु स्टेशनरी आपूर्ति | 4.50 | 9000/- | 500/- | 21.05.2026 को सांय 6.00 बजे तक | 22.05.2026 को दोपहर 1.00 बजे तक | 22.05.2026 को दोपहर 2.30 बजे से |
| 2. | प्रिन्टींग कार्य | 4.50 | 9000/- | 500/- | 21.05.2026 को सांय 6.00 बजे तक | 22.05.2026 को दोपहर 1.00 बजे तक | 22.05.2026 को दोपहर 2.30 बजे से |
| 3. | फोटो स्टेट कार्य | 1.00 | 2000/- | 500/- | 21.05.2026 को सांय 6.00 बजे तक | 22.05.2026 को दोपहर 1.00 बजे तक | 22.05.2026 को दोपहर 2.30 बजे से |
| 4. | कम्प्यूटर व प्रिन्टर रिपेयरिंग व कार्टेज रिफिलिंग व सीसीटीवी कैमरा मरम्मत मेंटेनेंस कार्य। | 4.00 | 8000/- | 500/- | 21.05.2026 को सांय 6.00 बजे तक | 22.05.2026 को दोपहर 1.00 बजे तक | 22.05.2026 को दोपहर 2.30 बजे से |
| 5. | भोजन व अल्पाहार | 4.00 | 8000/- | 500/- | 21.05.2026 को सांय 6.00 बजे तक | 22.05.2026 को दोपहर 1.00 बजे तक | 22.05.2026 को दोपहर 2.30 बजे से |
| 6. | टेन्ट व्यवस्था | 5.00 | 10000/- | 500/- | 21.05.2026 को सांय 6.00 बजे तक | 22.05.2026 को दोपहर 1.00 बजे तक | 22.05.2026 को दोपहर 2.30 बजे से |

नोटः- 1 निविदा सूचना व शर्ते तथा पूर्ण विवरण की जानकारीsppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN No.
1. ZUD2627GSOB00652
2. ZUD2627GSOB00653
3. ZUD2627GSOB00655
4. ZUD2627GSOB00656
5. ZUD2627GSOB00659
6. ZUD2627GSOB00662

( शैलेन्द्र पी. खीची )
विकास अधिकारी
पंचायत समिति मावली



प्रारूप-10 ( नियम-6( 7 ) देखिए )

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगरपरिषद राजसमन्द**

सं. 42-43 | दिनांक: 12.05.2026

**लोक सूचना**

श्री सुमेरमल पिता श्री रोडीलाल महाजन निवासी धोईन्दा,इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात्–

| क्र. सं. | तहसील का नाम जिले सहित | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1. | राजसमन्द | धोईन्दा | 925 | रकबा 0.0809 हैक्टेयर |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 12.05.2026 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त ,नगरपरिषद,राजसमन्द


## अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस मनाया

**उदयपुर,(कासं)।** नर्सिंग की जननी फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार को भीलों का बेदला स्थित पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर अस्पताल परिसर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नर्सिंग स्टॉफ ने केक काटकर एक-दूसरे को बधाई दी और मानवता की सेवा का संकल्प दोहराया।

पीएमसीएच चेयरमैन राहुल अग्रवाल ने सभी नर्सिंग कर्मियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जीवन सेवा और त्याग की प्रतिमूर्ति है।

अग्रवाल ने कहा कि नर्सिंग कर्मी किसी भी अस्पताल की रीढ़ की हड्डी की तरह होते हैं। डॉक्टर इलाज लिखते हैं, लेकिन उस इलाज को सेवा और ममता के साथ मरीज तक पहुँचाने का कार्य नर्सेज ही करते हैं। मरीजों की सेवा में उनका समर्पण, त्याग और बिना किसी भेदभाव के दी जाने वाली सेवा वास्तव में काबिले तारीफ है।